95

(i) Printed Pages : 2 Roll No. ....

(ii) Questions : 4

Sub. Code : | 0 | 4 | 0 | 5 |

Exam. Code : | 0 | 0 | 0 | 5 |

B.A./B.Sc. (General) 5th Semester

(2123)

HINDI

Paper—Elective

Time Allowed : Three Hours] **[Maximum Marks : 90**

नोट :— (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। भाषा की शुद्धता का ध्यान रखें।

1\. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या करें :

(i) कौरवों का श्राद्ध करने के लिए
या कि रोने को चिता के सामने,
शेष जब था रह गया कोई नहीं
एक वृद्धा, एक अन्धे के सिवा।

(ii) पर शिराएं जिस महीरूह की अतल में हैं गडी,
वह नहीं भयभीत होता क्रूर झंझावात से।
सीस पर बहता हुआ तूफ़ान जाता है चला,
नोचता कुछ पत्र या कुछ डालियों को तोड़ता।

(iii) सब समेट, प्रहरी बिठला कर
कहती कुछ मत बोलो,
शांति-सुधा बह रही, न इसमें
गरल क्रांति का घोलो।

(iv) ब्रह्मचर्य के व्रती, धर्म के महास्तम्भ, बल के आगार,
परम विरागी पुरुष, जिन्हें पाकर भी पा न सका संसार।
किया विसर्जित मुकुट धर्म-हित और स्नेह के कारण प्राण,
पुरुष विक्रमी कौन दूसरा, हुआ जगत में भीष्म-समान ?

$2\times6=12$

(ख) कुरुक्षेत्र खण्डकाव्य का नायक कौन है ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

अथवा

कुरुक्षेत्र खंडकाव्य की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए। 15

2. (क) काव्य का अर्थ स्पष्ट करते हुए काव्य के भेद तथा उपभेदों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

महाकाव्य की परिभाषा बताते हुए उसकी विशेषताएँ पर प्रकाश डालिए। 15

(ख) निबंध की परिभाषा स्पष्ट करते हुए उसके विभिन्न तत्वों का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।

अथवा

आत्मकथा को स्पष्ट करते हुए उसके विभिन्न तत्वों पर प्रकाश डालिए। 15

3. निम्नलिखित अलंकारों में से किन्हीं **तीन** अलंकारों की परिभाषा देकर उन्हें सोदाहरण स्पष्ट कीजिए :

अनुप्रास, यमक, रूपक, उपमा, विरोधाभास, अतिश्योक्ति।

3×6=18

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) कुरुक्षेत्र के प्रथम सर्ग के कथ्य को स्पष्ट कीजिए।

(ख) भीष्म पितामह के अनुसार युद्ध कब अनिवार्य हो जाता है ?

(ग) कुरुक्षेत्र में कवि ने भाग्यवाद के विषय में किन विचारों को व्यक्त किया है ? स्पष्ट कीजिए।

(घ) खंडकाव्य की प्रमुख विशेषताएं लिखिए।

(ङ) गीतिकाव्य की सबसे बड़ी प्रमुखता क्या है ?

(च) कहानी और संस्मरण में मूल अंतर क्या है ? 3×5=15